# वेस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड
# समाचार

हमारे लोग, हमारी ताकत

दिनांक : 15 नवंबर, 2022

अंक : 469
वर्ष : 30

आज़ादी का अमृत महोत्सव


## वेकोलि को कोल इंडिया स्तर पर कुल 07 अवार्ड्स से नवाज़ा गया




01 नवम्बर, कोल इंडिया लिमिटेड के 48 वें स्थापना दिवस पर वेस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (वेकोलि) को पर्यावरण / पर्यावरण प्रबंधन के लिए कॉरपोरेट अवार्ड (Corporate Award on Environment/ Environment Management Award), निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व के लिए कॉरपोरेट अवार्ड (Corporate Award on CSR), विक्रय में सर्वाधिक प्रतिशत वृद्धि के लिए कॉरपोरेट अवार्ड (Corporate Award on Highest %age Increase in Net Sales) एवं ओपन कास्ट खदानों में सर्वाधिक कैपेसिटी यूटिलाइजेशन के लिए कॉरपोरेट अवार्ड (Corporate Award on Highest Departmental Capacity Utilization-OC Projects) सभी में द्वितीय श्रेणी से सम्मानित किया गया।

व्यक्तिगत श्रेणी में वणी नार्थ क्षेत्र के तत्कालीन महाप्रबंधक श्री सुनील कुमार को बेस्ट जीएम (वर्तमान में नागपुर क्षेत्र के महाप्रबंधक), मुख्यालय के महाप्रबंधक (सीएमसी) श्री ए. पी. सिंह को सर्वोत्कृष्ट विभागाध्यक्ष (Best HoD) तथा नागपुर क्षेत्र के वरिष्ठ स्पोर्ट्स ऑर्गेनाइजर श्री जी. पी. सिंह को बहादुरी का पुरस्कार (Bravery Award), से सम्मानित किया गया।

उक्त पुरस्कार कोलकाता में आयोजित सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि माननीय कोयला मंत्री, श्री प्रल्हाद जोशी, चेयरमैन, सीआईएल, श्री प्रमोद अग्रवाल एवं कोल इंडिया के पूर्व चेयरमैन श्री एस. नरसिंह राव के करकमलों से सीएमडी श्री मनोज कुमार एवं संबंधी विजेताओं ने ग्रहण किये। श्री मनोज कुमार ने इन उपलब्धियों का श्रेय पूरी टीम को दिया और उन्हें बधाई दी।

## वेकोलि ने हर्षोल्लास के साथ मनाया कोल इंडिया स्थापना दिवस



48 वें कोल इंडिया स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में टीम वेकोलि ने दिनांक 01-11-2022 को पूरी कंपनी में हर्षोल्लास के साथ उत्सव मनाया।

अहले सुबह वेकोलि परिवार के सदस्यों ने स्थापना दिवस रैली निकाली। कंपनी मुख्यालय में निदेशक तकनीकी (संचालन) श्री जे. पी. द्विवेदी ने झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया और निदेशक तकनीकी (योजना एवं परियोजना) श्री अनिल कुमार सिंह के साथ उसका नेतृत्व भी किया।

तत्पश्चात, पुनः प्रशासनिक भवन के सामने सभी एकत्र हुए। कोल इंडिया कॉरपोरेट गीत की धुनों के बीच श्री जे. पी. द्विवेदी ने सीआईएल ध्वज फहराया और टीम वेकोलि को संबोधित किया। श्री द्विवेदी ने सभी को कोल इंडिया स्थापना दिवस की बधाई दी और कोयला उद्योग के इतिहास पर प्रकाश डाला।

इस अवसर पर वेकोलि संचालन समिति के सदस्य, विभागाध्यक्ष, वरिष्ठ अधिकारी, कर्मी एवं महिलाएं प्रमुखता से उपस्थित थीं।

## कोयला मंत्रालय के आर्थिक सलाहकार श्री हरा कुमार हजोंग वेकोलि के दौरे पर




श्री हरा कुमार हजोंग, आर्थिक सलाहकार, कोयला मंत्रालय, वेकोलि के दो दिवसीय दौरे पर रहे। अपने प्रवास के प्रथम दिवस दिनांक 11.11.22 को उन्होंने वेकोलि मुख्यालय में अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक श्री मनोज कुमार से भेंट की। इस अवसर पर निदेशक (कार्मिक) डॉ. संजय कुमार, निदेशक तकनीकी (संचालन) श्री जे.पी. द्विवेदी एवं कोयला मंत्रालय के मुख्य प्रबंधक श्री अरविंद कुमार उपस्थित रहे।

श्री हजोंग ने सीएसआर से संबंधित मुद्दों पर बैठक ली। बैठक में सीएमडी श्री मनोज कुमार ने वेकोलि की वर्तमान स्थिति तथा सीएसआर के कार्यों आदि के बारे में जानकारी दी और वेकोलि की भावी योजनाओं के बारे में विस्तार से बताया।

श्री हजोंग ने अपने संबोधन में कहा कि देश की कोयला जरूरतों के अनुरूप उत्पादन में वृद्धि के साथ ही सीएसआर के अंतर्गत समाजोन्मुखी कार्य भी अनिवार्य हैं। टीम वेकोलि के उत्साह को देखकर उन्होंने विश्वास जताया कि वेकोलि अपने कोयला उत्पादन और प्रेषण के साथ-साथ सीएसआर आदि के लक्ष्य को भी अवश्य हासिल करेगा।

इसके उपरान्त श्री हजोंग ने उमरेड क्षेत्र के MKD-3 खुली खदान का दौरा किया। उन्होंने यहाँ चल रही खनन गतिविधियों का जायजा लिया और FMC प्रोजेक्ट का निरीक्षण किया। उन्होंने CAAQMS का भी दौरा किया एवं इस दिशा में अपने महत्वपूर्ण सुझाव दिए। इस अवसर पर उमरेड के क्षेत्रीय महाप्रबंधक श्री मोहम्मद साबिर एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारीगण प्रमुखता से उपस्थित रहे।

अपने प्रवास के दूसरे दिन दिनांक 12.11.22 श्री हजोंग ने नागपुर क्षेत्र का दौरा किया। यहाँ उन्होंने सावनेर 1 भूमिगत खदान, कोल नीर वाटर बॉटलिंग प्लांट तथा इको पार्क का निरीक्षण किया। इस अवसर पर निदेशक तकनीकी (योजना एवं परियोजना) श्री ए. के. सिंह, नागपुर के क्षेत्रीय महाप्रबंधक श्री सुनील कुमार एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारी गण उपस्थित रहे।



## पुरस्कार वितरण के साथ हुआ सतर्कता जागरूकता सप्ताह 2022 का समापन




29 अक्टूबर, 2022 को प्रारंभ सतर्कता जागरूकता सप्ताह का दिनांक 07-11-2022 को समापन समारोह संपन्न हुआ।

अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक श्री मनोज कुमार, निदेशक (कार्मिक) डॉ. संजय कुमार एवं निदेशक तकनीकी (संचालन) श्री जे. पी. द्विवेदी की प्रमुख उपस्थिति में सप्ताह के दौरान विविध प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। मुख्य सतर्कता अधिकारी श्री मुकेश कुमार मिश्रा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से समारोह से जुड़े।







सीएमडी श्री मनोज कुमार ने अपने संबोधन में कहा की वेकोलि प्रिवेंटिव विजिलेंस की दिशा में अग्रसर है। इस दृष्टिकोण से उन्होंने इन्फॉर्मेशन टेक्नोलॉजी के व्यापक इस्तेमाल पर जोर दिया। उन्होंने अपने उद्बोधन में इंटीग्रेटेड कमांड एंड कंट्रोल सेंटर का जिक्र करते हुए बताया कि इस सेंटर के माध्यम से खनन कार्य की रोज़मर्रा की गतिविधियों की जानकारी प्राप्त की जा सकती है। इस पहल से नियमों का समुचित पालन सुनिश्चित किया जा सकता है। उन्होंने अपने उद्बोधन में रिकॉर्ड प्रबंधन की आवश्यकता का भी उल्लेख किया। उन्होंने सभी से आवश्यक नियमों, पॉलिसी अदि की जानकारी रखने एवं उनका कार्य के दौरान उपयोग करने की सलाह दी। अंत में उन्होंने सभी विजेताओं को अपनी शुभकामनाएँ दी।




मुख्य सतर्कता अधिकारी श्री मुकेश कुमार मिश्रा ने अपने उद्बोधन में कहा कि हमें सतर्कता के सिद्धांत को पूर्णतः अपनाना चाहिए। उन्होंने अपने उद्बोधन में कार्य प्रणाली को बेहतर बनाने एवं पार्टिसिपेटिव विजिलेंस पर जोर दिया।

समापन समारोह का प्रारंभ कोल इंडिया कॉर्पोरेट गीत से हुआ। सतर्कता जागरूकता सप्ताह के दौरान आयोजित गतिविधियों का वृत्तांत महाप्रबंधक (सतर्कता) श्री अनूप हंजूरा ने दिया। कार्यक्रम में विडियो के माध्यम से सतर्कता की दिशा में की गई इन्फॉर्मेशन टेक्नोलॉजी एवं ईएंडटी की पहल, कंप्लेंट हैंडलिंग में प्रगति तथा सतर्कता जागरूकता सप्ताह के दौरान की गतिविधियों को प्रदर्शित किया गया।

कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में विभागाध्यक्ष, अधिकारी, कर्मी एवं छात्रों ने भाग लिया। कार्यक्रम का संचालन श्री मिलिंद चहांदे, प्रबंधक (जनसंपर्क) ने तथा आभार प्रदर्शन महाप्रबंधक (सतर्कता) श्री अनूप हंजूरा ने किया।

## वेकोलि में भगवान बिरसा मुंडा जी की जयंती सोल्लास आयोजित



स्वतंत्रता के लिये आजीवन संघर्ष करने वाले महान स्वतंत्रता सेनानी, जननायक और धरती आबा कहे जाने वाले भगवान बिरसा मुंडा जी की जयंती वेकोलि में "जनजातीय गौरव दिवस" के रूप में मनाई गयी। इस अवसर पर वेकोलि के निदेशक (कार्मिक) डॉ. संजय कुमार, निदेशक तकनीकी (संचालन) श्री जे. पी. द्विवेदी तथा वरिष्ठ अधिकारी गण एवं कर्मियों ने अपने श्रद्धा सुमन अर्पित कर आदरांजलि अर्पित की।



## खदान से खेल के मैदान तक



अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक श्री मनोज कुमार एवं निदेशक तकनीकी (संचालन) श्री जे. पी. द्विवेदी ने दिनांक 12.11.2022 को वणी नॉर्थ और माजरी क्षेत्र की खदानों का निरीक्षण किया और खेल के मैदान पर खिलाड़ियों का हौंसला बढ़ाया।

सीएमडी एवं डीटी ने वणी नॉर्थ क्षेत्र की कोलारपिंपरी, जुनाड तथा उकनी खुली खदान और माजरी क्षेत्र की न्यू माजरी खुली खदान तथा न्यू माजरी यूजी टू ओसी खदान पहुँचकर वहाँ की खनन गतिविधियों का जायजा लिया। उन्होंने खनिकों को सुरक्षात्मक तरीके से वार्षिक कोयला उत्पादन एवं प्रेषण का लक्ष्य हासिल करने हेतु यथोचित निर्देश दिए। उन्होंने सतत खनन कार्य में संलग्न श्रमवीरों की प्रशंसा की और कंपनी को अपना सर्वश्रेष्ठ देने के लिए प्रेरित किया। सभी खनिकों ने उन्हें आश्वस्त किया कि वे अपने निर्धारित लक्ष्य को अवश्य प्राप्त करेंगे।

इस बीच श्री कुमार एवं श्री द्विवेदी ने माजरी क्षेत्र में चल रहे "अंतर क्षेत्रीय फुटबॉल टूर्नामेंट-2022-23" के ग्राउंड पर जाकर खिलाड़ियों का हौंसला बढ़ाया। इस अवसर पर अपने संबोधन में सीएमडी श्री मनोज कुमार ने कहा कि खेलों का हमारे जीवन में विशेष महत्व है। खिलाड़ी सदैव युवा रहता है। खेल खुशहाली का प्रतीक हैं जो हमें शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ रखते हैं। उन्होंने सभी खिलाड़ियों को अपनी शुभकामनाएं दी।

इस दौरान अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक के तकनीकी सचिव श्री तरुण कुमार श्रीवास्तव, वणी नॉर्थ क्षेत्र के क्षेत्रीय महाप्रबंधक श्री आलोक ललित कुमार, माजरी क्षेत्र के क्षेत्रीय महाप्रबंधक श्री वी. के. गुप्ता एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारी गण प्रमुखता से उपस्थित रहे।




## वेकोलि में सतर्कता जागरूकता रैली



सतर्कता जागरूकता सप्ताह (VAW-2022) के आलोक में टीम वेकोलि ने 03 नवंबर 2022 को प्रातः सतर्कता जागरूकता रैली का आयोजन किया। मुख्यालय से प्रारंभ इस रैली को निदेशक (कार्मिक) डॉ. संजय कुमार ने झंडी दिखाकर रवाना किया और स्वयं साथ चल कर रैली का नेतृत्व किया। रैली में निदेशक तकनीकी (संचालन) श्री जे. पी. द्विवेदी एवं निदेशक तकनीकी (योजना एवं परियोजना) श्री ए. के. सिंह प्रमुखता से उपस्थित थे। सतर्कता विभाग के संयोजन में आयोजित इस रैली में, बड़ी संख्या में कर्मियों ने अवसर विशेष के लिए बनाये गये टी-शर्ट पहन, हाथों में सार्थक संदेश की तख्तियां लिये उत्साह के साथ भाग लिया।

## सतर्कता जागरूकता सप्ताह के दौरान स्कूली बच्चों के लिए वाद-विवाद एवं पेंटिंग प्रतियोगिता



सतर्कता जागरूकता सप्ताह (VAW-2022) के सिलसिले में दिनांक:04.11.2022 को नागपुर के कामठी रोड स्थित दिल्ली पब्लिक स्कूल में 'स्कूली बच्चों के लिए वाद-विवाद एवं पेंटिंग प्रतियोगिता' का आयोजन किया गया। डीपीएस के बच्चों ने प्रतियोगिता में बढ़ चढ़कर भाग लिया। पेंटिंग प्रतियोगिता में 610 तथा वाद विवाद प्रतियोगिता में 50 बच्चों ने भाग लिया।




वेकोलि जनसंपर्क विभाग द्वारा प्रकाशित एवं महेश पेपर्स, नागपुर द्वारा मुद्रित।